Title: Need to ensure involvement of Members of Parliament in implementation of centrally sponsored schemes.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान प्रधान मंत्री सड़क योजना तथा सुनिश्चित रोजगार योजना जो ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा घोाित है, की ओर दिलाना चाहता हूँ।

प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत मंत्री ग्रामीण विकास भारत सरकार ने आश्वासन दिया था कि स्थानीय लोक सभा सदस्यों की राय से 2 करोड़ रुपये तक सड़क मार्ग पर लोक सभा सदस्यों का प्रस्ताव लिया जाएगा किन्तु इसका अनुपालन मेरे संसदीय क्षेत्र जो जौनपुर एवं प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में है, नहीं हो रहा है। संभवतः यही शिकायत अनेक लोक सभा सदस्यों को भी है। यही स्थिति सुनिश्चित रोजगार योजना की है।

अतः आपके माध्यम से मैं ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार का ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से घोाित योजना में लोक सभा सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जब तक लोक सभा सदस्य अनुमोदित न करें, उपरोक्त योजनाओं पर धन आबंटित करने पर रोक लगा दी जाए।